समाचार–प्रकाशनार्थ :–

## *वैक्सीनेशन महाअभियान में 20 हजार लोगो को लगे कोरोना का दूसरा टीका*

## *निगम आयुक्त श्री झारिया व एसडीएम श्री गेहलोत बैठक में दिये निर्देश*

रतलाम 09 नवम्बर । **नगर के ऐसे नागरिक जो कि कोरोना का पहला टीका लगवाकर तय समय–सीमा पूर्ण कर चुके है उन्हे 10 नवम्बर बुधवार को वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत शत–प्रतिशत टीका लगवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत ने निगम अधिकारी, इंजीनियर व वार्ड दरोगाओं की बैठक ली।**

**आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम अधिकारी, इंजीनियर व वार्ड दरोगाओं को निर्देशित किया कि 10 नवम्बर बुधवार को कोरोना वैक्सीनेशन अभियान में नगर निगम की पुरी टीम एकजुट होकर नगर के कम से कम 20 हजार नागरिकों को कोरोना का दूसरा टीका लगवाने का कार्य करेगी इसलिये वे सभी प्रातः 7 बजे से इस कार्य में जुट जाये। वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक अपने–अपने वार्ड में ऐसे नागरिक जिन्होने कोरोना का दूसरा टीका नहीं लगवाया है उनसे संपर्क कर नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर पर ले जाकर टीकाकरण करवायेंगे।**

**उन्होने यह भी निर्देश दिये कि यदि कोई नागरिक कोरोना का दूसरा टीका समय–सीमा पूर्ण करने के बाद भी नहीं लगवाता है उसके घर से कचरा नहीं लिया जाये सफाई नहीं करवाई जाये साथ ही पेयजल वितरण व्यवस्था बंद कर दी जाये जो समाज में नहीं रह सकता हमें भी उसके साथ नहीं रहना है।**

**एसडीएम श्री गेहलोत ने इस अवसर पर कहा कि नगर निगम के कर्मचारी ही ऐसे कर्मचारी है जिनका संपर्क सूत्र सबसे ज्यादा होता है इसलिये 10 नवम्बर बुधवार को वैक्सीनेशन महाभियान में कम से कम 20 हजार लोगो के टीकाकरण हेतु कर्मचारी एक–एक व्यक्ति से संपर्क कर उन्हे वैक्सीनेशन सेंटर पर लाये।**

**उन्होने बताया कि नगर में कोरोना के दूसरे टीके से वंचित 45 हजार नागरिक है उनकी सूची मय मोबाईल नम्बर के उपलब्ध कराई जायेगी साथ ही सभी वैक्सीनेशन सेंटरों पर रखी जायेगी ताकि अधिक से अधिक नागरिकों से संपर्क अधिक से अधिक टीकाकरण करवाया जाये।**

**आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी सहायक यंत्री श्री एम.के. जैन, श्री सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री सर्वश्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, श्रीमती अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी सर्वश्री पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान व वार्ड दरोगा उपस्थित थे।**

# स्वच्छता के साथ कभी समझौता नहीं करे

## स्वच्छ सर्वेक्षण–2022 के तहत डोर टू डोर कचरा निपटान के तरीके समझाए गए

रतलाम 9 नवम्बर । हमें स्वच्छता के साथ कभी भी समझौता नहीं करना चाहिए, स्वच्छता उतनी ही आवश्यक है जितना हमारे लिए भोजन हवा और पानी इन सब के बिना हमारा जीवन बिलकुल अधूरा है और इसी प्रकार स्वच्छता के बिना हमारा जीवन अधूरा है ।

